# भीलवाड़ा फोकस

भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ.....

RNI No. : RJHIN/25/A0890


वर्ष - 01 | अंक - 273 | प्रधान संपादक - कपिल विजयवर्गीय | बिजौलिया - सोमवार, 06 अप्रैल ,2026 | मूल्य - 1 रुपया | मो.- 86967 95959 | पृष्ठ - 4


## जलाशयों में हादसे रोकने के लिए सरकार सख्त, नई गाइडलाइन जारी

### तालाबों पर अब सख्तीः सेल्फी, शराब और गहरे पानी में कूदने पर प्रतिबंध

**भीलवाड़ा फोकस @ जयपुर।**

राजस्थान के ग्रामीण क्षेत्रों में तालाबों, पोखरों और अन्य जलाशयों में डूबने से होने वाली घटनाओं पर रोक लगाने के लिए पंचायती राज विभाग ने सख्त कदम उठाए हैं। विभाग की ओर से सभी जिला परिषदों को विस्तृत गाइडलाइन जारी कर आमजन और पशुओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। पंचायती राज विभाग के आयुक्त जोगाराम द्वारा जारी निर्देशों में जलाशयों के आसपास जोखिम भरी गतिविधियों पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने को कहा गया है। इसके तहत तालाबों और जलाशयों के किनारे सेल्फी लेना, गहरे पानी में कूदना तथा शराब सेवन करना पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा। विभाग का मानना है कि युवाओं द्वारा मनोरंजन के नाम पर उठाए जाने वाले जोखिम अक्सर हादसों का कारण बनते हैं, जिन्हें रोकने के लिए अब स्थानीय स्तर पर सख्त निगरानी रखी जाएगी।



**चेतावनी और सुरक्षा व्यवस्था अनिवार्य**

नई गाइडलाइन के अनुसार प्रत्येक जलाशय के पास स्थानीय भाषा में स्पष्ट चेतावनी बोर्ड लगाए जाएंगे, जिनमें 'गहरा पानी ', 'तैरना मना है' और 'फिसलन' जैसे संदेश अंकित होंगे।

रात के समय दृश्यता बढ़ाने के लिए रिफ्लेक्टिव (चमकने वाले) संकेतकों की व्यवस्था भी की जाएगी।

**खतरनाक जलाशयों की होगी बाड़बंदी**

गहरे और जोखिमपूर्ण जलाशयों के चारों ओर लोहे की जाली या बाड़ लगाई जाएगी, ताकि कोई व्यक्ति या पशु अनजाने में पानी में न गिर सके। इसके साथ ही फिसलन वाले स्थानों पर रेत डालने और सुरक्षित आवाजाही के लिए पक्की सीढ़ियां व घाट बनाने के निर्देश दिए गए हैं।

**पशुओं के लिए अलग व्यवस्था**

पशुधन की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए जलाशयों पर अलग सुरक्षित घाट बनाए जाएंगे। साथ ही गहरे हिस्सों में आंशिक बाड़बंदी (पार्शियल फेंसिंग) कर पशुओं के फंसने की घटनाओं को रोकने की पहल की जाएगी।

**निगरानी और बचाव संसाधन अनिवार्य**

ग्राम पंचायतों को अब जलाशयों की नियमित निगरानी के लिए रजिस्टर संधारित करना होगा। इसके अलावा प्रत्येक बड़े जलाशय पर रस्सी, लाइफ जैकेट, बांस तथा फर्स्ट एड किट अनिवार्य रूप से उपलब्ध रखी जाएगी, ताकि आपात स्थिति में तुरंत राहत कार्य किया जा सके।

**भीड़भाड़ के समय तैनात होंगे स्वयंसेवक**

गाइडलाइन में यह भी निर्देश दिए गए हैं कि मेलों, त्योहारों या अधिक भीड़ वाले समय में स्थानीय चौकीदारों एवं स्वयंसेवकों की तैनाती की जाए, जिससे दुर्घटनाओं की आशंका को कम किया जा सके।

## रेलवे विकास को लेकर सक्रिय सांसद अग्रवाल, मंत्री वैष्णव से रखीं अहम मांगें

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**



वस्त्र नगरी भीलवाड़ा की रेलवे समस्याओं को लेकर सांसद दामोदर अग्रवाल ने केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से मुलाकात कर विभिन्न महत्वपूर्ण मांगें रखीं। इस दौरान उन्होंने भीलवाड़ा को जोधपुर-हैदराबाद नई दैनिक ट्रेन एवं चंडीगढ़-उदयपुर त्रि-साप्ताहिक ट्रेन की सौगात देने के साथ अजमेर-चंदेरिया रेल लाइन के दोहरीकरण को स्वीकृति प्रदान करने पर क्षेत्रवासियों की ओर से आभार व्यक्त किया।

सांसद ने रेल मंत्री से भीलवाड़ा क्षेत्र में चल रहे रेलवे मार्ग के दोहरीकरण कार्य तथा रामधाम के पास प्रस्तावित रेलवे ओवरब्रिज (ROB) के निर्माण को तेज गति से पूरा कराने की मांग भी की। उन्होंने वस्त्र नगरी की बढ़ती आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए रेलवे सुविधाओं के विस्तार पर जोर दिया।

सांसद प्रवक्ता विनोद झुरानी ने बताया कि मुलाकात के दौरान सांसद अग्रवाल ने कई महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा की। इनमें भीलवाड़ा में नए रेलवे स्टेशन निर्माण कार्य शीघ्र शुरू करने, पुराने रिजर्वेशन भवन को हटाकर सर्कुलेटिंग एरिया बढ़ाने तथा शहर में प्रस्तावित ROB के निर्माण में तेजी लाने की मांग शामिल रही।

इसके अलावा उन्होंने भीलवाड़ा-मुंबई रूट पर नई रेलगाड़ियां चलाने, ट्रेन संख्या 19609 उदयपुर योगनगरी ऋषिकेश एक्सप्रेस को सप्ताह में सातों दिन नियमित रूप से संचालित करने और उसमें स्लीपर व थर्ड एसी कोच बढ़ाने की मांग रखी। साथ ही इंदौर-जयपुर वाया चित्तौड़गढ़, भीलवाड़ा एवं अजमेर नई ट्रेन शीघ्र शुरू करने का प्रस्ताव भी रखा गया।

अजमेर-कोटा रेलमार्ग के अंतर्गत अजमेर-नसीराबाद एवं जलींद्री (मांडलगढ़) नई रेल लाइन निर्माण तथा इस परियोजना के तहत विभिन्न नए स्टेशन एवं यार्ड विकसित करने पर भी चर्चा हुई। वहीं मांडलगढ़ से ब्यावर वाया बीगोद, सवाईपुर, भीलवाड़ा, आसिन्द एवं बदनौर नई रेल लाइन की आवश्यकता पर जोर दिया गया, जिससे जोधपुर-कोटा के बीच सीधी कनेक्टिविटी स्थापित हो सके। मेवाड़ क्षेत्र की बहुप्रतीक्षित मांग नाथद्वारा से जयपुर तक नई रेल लाइन को शीघ्र स्वीकृति देने तथा भीलवाड़ा से दिल्ली के लिए नई ट्रेन प्रारंभ करने की मांग भी प्रमुखता से रखी गई। सांसद अग्रवाल ने बताया कि रेल मंत्री वैष्णव ने सभी बिंदुओं पर गंभीरता से चर्चा करते हुए संबंधित अधिकारियों को विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं।

## 62 बीघा में सजेगा न्याय का नया महल

### तकनीक संग तेज होगा न्याय, भीलवाड़ा को मिला आधुनिक कोर्ट परिसर का तोहफा









**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

**मूलचन्द पेसवानी**

भीलवाड़ा में न्याय की राह अब और आसान, तेज और पारदर्शी बनने जा रही है। सांगानेर-तस्वारिया की 62 बीघा भूमि पर बनने वाला अत्याधुनिक जिला न्यायालय परिसर सिर्फ एक इमारत नहीं, बल्कि आमजन को त्वरित न्याय दिलाने की नई उम्मीद बनकर उभरेगा। रविवार को हुए भव्य भूमि पूजन समारोह ने भीलवाड़ा के न्यायिक इतिहास में एक नया अध्याय जोड़ दिया।

राजस्थान उच्च न्यायालय के कार्यवाहक मुख्य न्यायाधिपति संजीव प्रकाश शर्मा ने इस अवसर पर स्पष्ट शब्दों में कहा कि बदलते दौर में न्यायिक व्यवस्था को तकनीक से जोड़ना वक्त की जरूरत है। उन्होंने ई-कोर्ट, डिजिटल फाइलिंग, वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग और ऑनलाइन सेवाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि इन माध्यमों से न्याय व्यवस्था को आमजन के लिए अधिक सुलभ और पारदर्शी बनाया जा सकता है।

उन्होंने यह भी जोड़ा कि तकनीक का उपयोग केवल दिखावे के लिए नहीं, बल्कि परिणाम देने वाला होना चाहिए, ताकि आम नागरिक को न्याय पाने में अनावश्यक देरी का सामना न करना पड़े।

समारोह की शुरुआत वैदिक मंत्रोच्चार के बीच भूमि पूजन से हुई, जिसने पूरे वातावरण को आध्यात्मिक और गरिमामय बना दिया। इसके साथ ही जिला अभिभाषक संस्था, भीलवाड़ा की नव निर्वाचित कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह भी सम्पन्न हुआ, जिसने आयोजन को और अधिक ऐतिहासिक बना दिया।

इस अवसर पर प्रदेश की उप मुख्यमंत्री एवं वित्त मंत्री दिया कुमारी ने कहा कि यह भूमि पूजन केवल भवन निर्माण की शुरुआत नहीं, बल्कि न्याय के मजबूत और सशक्त भविष्य की नींव है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र की असली ताकत उसकी न्याय व्यवस्था में निहित होती है और जब न्याय सुलभ, सरल और प्रभावी होता है, तभी समाज में विश्वास और संतुलन कायम रहता है।नवीन न्यायालय परिसर में आधुनिक सुविधाओं का विशेष ध्यान रखा जाएगा। इसमें पर्याप्त न्यायालय कक्ष, अधिवक्ताओं के लिए सुव्यवस्थित चैंबर, डिजिटल रिकॉर्ड प्रबंधन प्रणाली, विशाल पुस्तकालय, आरामदायक प्रतीक्षालय और पर्याप्त पार्किंग जैसी व्यवस्थाएं शामिल होंगी। इससे न केवल न्यायिक कार्य सुचारू होंगे, बल्कि आमजन को भी सुविधाजनक वातावरण मिलेगा।

न्यायाधिपति डॉ. पुष्पेंद्र सिंह भाटी ने न्यायिक क्षेत्र में महिलाओं की बढ़ती भागीदारी को सकारात्मक बदलाव बताया। उन्होंने कहा कि महिलाओं की सक्रिय भूमिका से न्याय प्रणाली और अधिक संवेदनशील एवं समावेशी बन रही है। वहीं न्यायाधिपति फरजन्द अली ने युवा अधिवक्ताओं को कड़ी मेहनत और निरंतर अध्ययन के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि एक सफल वकील बनने के लिए ज्ञान और अनुशासन दोनों जरूरी हैं। न्यायाधिपति प्रवीर भटनागर ने नवगठित अभिभाषक कार्यकारिणी को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि अधिवक्ता समाज में न्याय के प्रहरी होते हैं, जो कानून के शासन को मजबूत करते हैं और आमजन के अधिकारों की रक्षा में अहम भूमिका निभाते हैं। जिला एवं सत्र न्यायाधीश अभय जैन ने कहा कि 62 बीघा भूमि का आवंटन न्यायिक ढांचे को मजबूत करने की दिशा में बड़ा कदम है। उन्होंने बताया कि वर्तमान न्यायालय वर्ष 1948 से संचालित हो रहा है और स्थानाभाव के कारण कई अदालतें परिसर से बाहर संचालित हो रही हैं। नए परिसर के निर्माण से इन समस्याओं का स्थायी समाधान होगा और न्यायिक कार्यप्रणाली में गुणात्मक सुधार आएगा।

बार अध्यक्ष उम्मेद सिंह राठौड़ ने कहा कि प्रस्तावित न्यायालय परिसर आने वाले समय में हजारों नागरिकों को पारदर्शी और प्रभावी न्याय दिलाने का सशक्त माध्यम बनेगा।शपथ ग्रहण समारोह में अध्यक्ष उम्मेद सिंह राठौड़, उपाध्यक्ष महिपाल सिंह राणावत, महासचिव पंकज दाधीच, रेवेन्यू महासचिव मनोहर लाल बुनकर, कोषाध्यक्ष रवि गोरानी, सह-सचिव आदित्य सिंह चैहान एवं पुस्तकालय सचिव प्रताप तेली सहित अन्य पदाधिकारियों ने शपथ ली। पूर्व अध्यक्ष राजेश शर्मा ने अपने कार्यकाल की उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए नई टीम को जिम्मेदारी सौंपी और उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

कार्यक्रम में शहर विधायक अशोक कोठारी, मांडल विधायक उदयलाल भड़ाना, सहाड़ा विधायक लादूलाल पितलिया, शाहपुरा विधायक लालाराम बैरवा, भाजपा जिला अध्यक्ष प्रशांत मेवाड़ा, जिला कलक्टर जसमीत सिंह संधू और पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र यादव सहित बड़ी संख्या में न्यायिक अधिकारी, अधिवक्ता, न्यायालय स्टाफ और गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। मंच संचालन प्रियंका पुरोहित और अशोक व्यास ने प्रभावी ढंग से किया।

## बिगोद पुलिस की कार्रवाईः कई थानों में वांछित स्थायी वारंटी गिरफ्तार

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

जिले में अपराधियों की धरपकड़ के लिए चलाए जा रहे सघन अभियान के तहत बिगोद थाना पुलिस ने प्रभावी कार्रवाई करते हुए एक स्थायी वारंटी को डिटेन कर निरोधात्मक कार्रवाई की। आरोपी विभिन्न जिलों के कई थानों में वांछित था।

पुलिस ने थानाधिकारी जय सुल्तान के नेतृत्व में गठित टीम द्वारा कार्रवाई को अंजाम दिया गया । पुलिस ने बताया की कस्बे की नई आबादी निवासी मोहम्मद इकबाल (45) पुत्र अब्दुल गफूर लुहार को गुप्त सूचना के आधार पर संध्याकालीन गश्त के दौरान डिटेन किया गया। आरोपी धोखाधड़ी, चोरी, मारपीट एवं हत्या के प्रयास जैसे मामलों में फरार चल रहा था और कई थानों में स्थायी वारंटी के रूप में वांछित था। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ निरोधात्मक कार्रवाई करते हुए संबंधित थानों बिजौलिया , कोतवाली, डाबी, तालेड़ा (बूंदी) तथा रेलमगरा (राजसमंद) को सूचना दे दी है। पुलिस ने बताया की मोहम्मद इकबाल के खिलाफ भीलवाड़ा, बूंदी, राजसमंद, टोंक एवं चित्तौड़गढ़ जिलों के विभिन्न थानों में धोखाधड़ी, चोरी, मारपीट सहित अन्य धाराओं में कई मामले दर्ज हैं।

## गैस सिलेंडर लीकेज से घर में लगी आग, पुलिस की तत्परता से टला बड़ा हादसा

**भीलवाड़ा फोकस @ जहाजपुर।**



क्षेत्र के पडेर गांव में रविवार दोपहर एक मकान में गैस सिलेंडर लीकेज से अचानक आग लगने से हड़कंप मच गया।

जानकारी के अनुसार गणपत लाल प्रजापत रसोई में चाय बना रहे थे, तभी गैस सिलेंडर से लीकेज होने लगा और देखते ही देखते आग भड़क उठी। घटना से घर व आसपास अफरा-तफरी का माहौल बन गया।

सूचना पर हेड कांस्टेबल मांगीलाल जाट व कांस्टेबल मुकेश यादव मौके पर पहुंचे और तत्परता से आग पर काबू पा लिया। पुलिस की समय पर कार्रवाई से बड़ा हादसा टल गया और कोई जनहानि नहीं हुई।

घटना के दौरान आसपास के लोगों ने भी सहयोग किया। बाद में लोगों को गैस सिलेंडर के उपयोग में सावधानी बरतने की सलाह दी गई।


'भीलवाड़ा फोकस'

अपने शहर और गाँव के समाचार, सूचनाएँ, सार्वजनिक घोषणाएँ या विज्ञापन प्रकाशित करवाने के लिए संपर्क करें।

Mo.– 8696795959

Bhilwarafocus@gmail.com

BHILWARA Focus

भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ


# बालाजी मंदिर में गूंजे जय बजरंगबली के जयघोष, हजारों ने ली प्रसादी

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।**

श्री भीत के बालाजी नवयुवक मंडल द्वारा रविवार को मंगला चौक स्थित श्री भीत के बालाजी मंदिर में हनुमान जन्मोत्सव पर महाआरती व विशाल भंडारे का आयोजन श्रद्धा और उत्साह के साथ किया गया।

प्रातः 10:15 बजे शुरू हुए कार्यक्रम में सैकड़ों श्रद्धालुओं ने भाग लिया। मंदिर परिसर को आकर्षक सजावट व भक्ति संगीत से सजाया गया, जहां जय श्रीराम व जय बजरंगबली के जयघोष गूंजते रहे।

महाआरती के बाद आयोजित भंडारे में हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसादी ग्रहण की। आयोजन में युवाओं व महिला शक्ति ने



विशेष सहयोग दिया।

# बिजौलिया पत्रकार हमलाः दो आरोपी न्यायिक अभिरक्षा में, नगर पालिका संविदा कर्मचारी अब भी गिरफ्त से बाहर

**भीलवाड़ा फोकस @ बिजोलिया ।**

कस्बे में पत्रकार श्याम विजय पर हुए जानलेवा हमले के मामले में पुलिस की कार्रवाई तेज हो गई है। शनिवार को गिरफ्तार किए गए दोनों आरोपियों को न्यायिक मजिस्ट्रेट के समक्ष पेश किया गया, जहां उनकी जमानत याचिका खारिज कर उन्हें न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया। वहीं मामले के दो अन्य आरोपी अब भी फरार हैं, जिनकी तलाश में पुलिस लगातार दबिश दे रही है।

घटना 1 अप्रैल की रात करीब 9:10 बजे की है, जब पत्रकार श्याम विजय पंचायत चौक से अपने घर लौट रहे थे। इसी दौरान बिना नंबर की कार में सवार बदमाशों ने उनके घर के बाहर घात लगाकर लाठी-सरियों से हमला कर दिया। हमले में वे गंभीर रूप से घायल हो गए। आरोपियों ने करीब 11 हजार रुपए नकद और 30 ग्राम सोने की चेन लूट ली तथा जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए।

पीड़ित की रिपोर्ट पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की। त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस ने लक्ष्मीनारायण उर्फ कालू (25) निवासी छोटा दरवाजा, बिजौलिया और हेमन्त (26) निवासी विवेकानंद नगर, कोटा को गिरफ्तार किया। थानाधिकारी स्वागत पांड्या ने बताया कि शनिवार को दोनों आरोपियों को न्यायिक मजिस्ट्रेट के समक्ष पेश किया गया, जहां उनकी जमानत याचिका खारिज कर दी गई और उन्हें न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया।

नगर पालिका कर्मचारी सहित दो आरोपी अब भी फरार मामले में नगर पालिका में कार्यरत नामजद संविदा कर्मचारी योगेश अहीर सहित दो आरोपियों को अब तक गिरफ्तार नहीं किया गया है। इससे पूरे मामले में पुलिस की कार्रवाई पर सवाल उठने लगे हैं।सूत्रों के अनुसार हमले में शामिल आरोपी युवक बेखौफ होकर खुलेआम नगर पालिका के कार्यों में पहुंच रहा है, लेकिन इसके बावजूद उस पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं की जा रही है।

# अस्पताल मार्ग पर गड्ढों का कब्जा, मरीजों को हो रही दिक्कत



**भीलवाड़ा फोकस @ आसींद।**

नगर के प्रमुख मार्गों की स्थिति इन दिनों बदहाल बनी हुई है। बलवीर हॉस्पिटल मार्ग व मांगीलाल जी के हॉस्पिटल मार्ग पर सड़क के बीचों-बीच गड्ढे बने हुए हैं, जिनमें गंदा पानी भरा रहने से मरीजों और उनके परिजनों को आवाजाही में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। वहीं, उपरली हवेली रोड जैसे व्यस्त मार्गों पर भी जगह-जगह गहरे खड्डे उभर आए हैं, जिससे राहगीरों, वाहन चालकों और दुकानदारों को परेशानी हो रही है।

स्थानीय निवासियों ने संबंधित विभाग से जल्द से जल्द सड़क मरम्मत कराने की मांग की है, ताकि संभावित हादसों से बचा जा सके।

# भीलवाड़ा अंडर-20 फुटबॉल टीम घोषित, आज से राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में होगी शामिल

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

राज्य स्तरीय अंडर-20 बालक फुटबॉल प्रतियोगिता को लेकर भीलवाड़ा जिला फुटबॉल संघ ने टीम की घोषणा कर दी है। यह प्रतियोगिता आज से चित्तौड़गढ़ के सैनिक स्कूल मैदान में आयोजित होगी, जिसमें भीलवाड़ा की टीम भी भाग लेगी।

जिला फुटबॉल संघ के चेयरमैन विशिष्ट विश्नोई एवं अध्यक्ष लादू लाल तेली के नेतृत्व में टीम का चयन किया गया। संघ के सचिव कैलाश चंद्र खटीक ने बताया कि प्रतियोगिता का आयोजन राजस्थान फुटबॉल संघ एवं जिला फुटबॉल संघ चित्तौड़गढ़ के संयुक्त तत्वावधान में किया जा रहा है।

घोषित टीम में कप्तान सिद्धार्थ गौतम के साथ बैरवा, करण सिंह, आजाद सिंह, साहिल खोईवाल, केशव बुनकर, अर्पित वैष्णव, अरमान अंसारी, हर्षवर्धन, गोविंद शर्मा, देवराज कोटिया, दीपक शर्मा, रुद्र प्रताप सिंह, अजय कुमार मीणा, आदित्य मल्होत्रा, शुभम सेन, विजय प्रताप सिंह राठौड़, तयब खान



और रोहित सिंह भाटी को शामिल किया गया है।संघ के प्रवक्ता दीपक खींची ने बताया कि टीम के कोच की जिम्मेदारी मिथलेश मारू को सौंपी गई है, जबकि मैनेजर के रूप में प्रहलाद सिंह को नियुक्त किया गया है। भीलवाड़ा टीम अपना पहला मुकाबला 6 अप्रैल को धौलपुर के खिलाफ खेलेगी।

# 2 साल से फरार 5 हजार का इनामी बदमाश नाना तेली गिरफ्तार, 40 से ज्यादा मामले दर्ज

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**

पुर थाना पुलिस एवं डीएसटी टीम ने बड़ी सफलता हासिल करते हुए 2 साल से फरार चल रहे 5 हजार रुपए के इनामी अपराधी नाना तेली उर्फ राजू तेली को गिरफ्तार किया है। आरोपी चोरी का माल खरीदने-बेचने के मामले में वांछित था और उसके खिलाफ विभिन्न जिलों में 40 से अधिक प्रकरण दर्ज हैं। पुलिस ने कार्रवाई थानाधिकारी कन्हैया लाल के नेतृत्व में गठित टीम द्वारा की गई ।

पुलिस ने बताया की 20 नवंबर 2024 को उदयपुर निवासी परिवादी चंद्र प्रकाश कुमावत ने रिपोर्ट दी थी कि उसका टाटा ट्रक मोरवी से असम के लिए रवाना हुआ था, लेकिन रास्ते में भीलवाड़ा बाईपास के पास अज्ञात बदमाशों ने वाहन लूट लिया। इस मामले में पहले ड्राइवर शंकरलाल नागदा और खलासी कैलाश रेगर को गिरफ्तार किया जा चुका है, जबकि मुख्य आरोपी नाना तेली फरार चल रहा था।

पुलिस के अनुसार आरोपी नाना तेली मांडल थाने का हिस्ट्रीशीटर है और उसके खिलाफ भीलवाड़ा, चित्तौड़गढ़, उदयपुर, राजसमंद, कोटा, बूंदी व डूंगरपुर सहित कई जिलों में करीब 40 से अधिक मामले दर्ज हैं। आरोपी धोखाधड़ी, चेक अनादरण, जालसाजी और चोरी के वाहन खरीद-फरोख्त जैसे मामलों में शामिल रहा है। इसके खिलाफ कई थानों में स्थायी वारंट भी जारी हैं।

नाना तेली थाना बिजौलिया के एक प्रकरण में भी वांछित था, जिस पर पुलिस अधीक्षक द्वारा 5 हजार रुपए का इनाम घोषित किया गया था। पुलिस टीम ने मुखबिर सूचना, तकनीकी सहायता और पारंपरिक पुलिसिंग के जरिए उसे गिरफ्तार किया।

# भाजपा का 47वां स्थापना दिवस आज, भीलवाड़ा में मशाल यात्रा और आतिशबाजी से जश्न

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।**

भारतीय जनता पार्टी का 47वां स्थापना दिवस 6 अप्रैल को जिलेभर में उत्साह और हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। स्थापना दिवस की पूर्व संध्या पर शहर में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जिसमें जनप्रतिनिधियों, पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।

जिला प्रवक्ता अंकुर बोरदिया ने बताया कि अंबेडकर सर्किल से सैकड़ों कार्यकर्ताओं की मौजूदगी में मशाल यात्रा निकाली गई। जिलाध्यक्ष प्रशांत मेवाड़ा के नेतृत्व में विधायक उदयलाल भडाना, लादूलाल पीतलिया, पूर्व विधायक विट्ठल शंकर अवस्थी सहित कई वरिष्ठ नेताओं की मौजूदगी में यात्रा शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए सूचना केंद्र पहुंचकर सम्पन्न हुई।

सूचना केंद्र पर कार्यक्रम का आयोजन भक्तिमय माहौल में हुआ। मां भारती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन कर आरती की गई और देश की सुख-समृद्धि की कामना की गई। इसके बाद भव्य



आतिशबाजी कर स्थापना दिवस का उत्सव मनाया गया।

कार्यक्रम के दौरान कलाकार के.जी. कदम द्वारा केंद्र और राज्य सरकार की उपलब्धियों पर आधारित आकर्षक रंगोली बनाई गई, जिसे उपस्थित जनों ने सराहा। इस अवसर पर जिला महामंत्री कन्हैयालाल जाट, अविनाश जीनगर, गोपाल तेली सहित अनेक पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि और सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।स्थापना दिवस पर 6 अप्रैल को सुबह 11 बजे भाजपा जिला कार्यालय में ध्वजारोहण और विचार गोष्ठी का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष मुकेश दाधीच मुख्य अतिथि होंगे, जबकि अध्यक्षता जिलाध्यक्ष प्रशांत मेवाड़ा करेंगे

# बोरखेड़ा में देवनारायण की बन्नी में भीषण आग, दमकल व ग्रामीणों की मदद से पाया काबू

**भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर।**

क्षेत्र के बोरखेड़ा गांव में देवनारायण भगवान की बन्नी में अज्ञात कारणों से भीषण आग लग गई। तेज हवा के कारण आग तेजी से फैलने लगी, जिससे क्षेत्र में अफरा-तफरी का माहौल बन गया।

ग्रामीण ओमेंद्र सिंह व विक्रम विरेंद्र सिंह ने बताया कि दोपहर बाद लगी आग की सूचना मिलते ही ग्रामीण मौके पर पहुंचे और आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन हवा के चलते आग पर काबू पाना मुश्किल हो गया। इसके बाद दमकल विभाग को सूचना दी गई। भीलवाड़ा से पहुंची दमकल ने दो फेरे कर ग्रामीणों के सहयोग से बड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।



इस आगजनी में करीब एक बीघा से अधिक क्षेत्र में अंग्रेजी बबूल, जनमनी सहित पेड़-पौधे व छोटे जीव-जंतु जलकर राख हो गए। ग्रामीणों की सजगता और समय पर कार्रवाई से बड़ा नुकसान टल गया।

# 312वें सप्ताह भी जारी सेवा श्रम, बनेड़ा-सुल्तानगढ़ में सफाई अभियान

**भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर**

अपना संस्थान एवं पर्यावरण संरक्षण संस्थान के तत्वावधान में सेवा श्रम का कार्य 312वें सप्ताह भी जारी रहा। रविवार को बनेड़ा-सुल्तानगढ़ रोड सहित विभिन्न स्थानों पर 'पो' की सफाई की गई।

तहसील अध्यक्ष मुरली मनोहर व्यास ने बताया कि खटीक समाज मोक्षधाम के बाहर सफाई के बाद सुल्तानगढ़, कोडलाई व अमरपुरा क्षेत्रों में अभियान चलाया गया। इस दौरान 'पो' को खाली कर मलवा व काई हटाकर एसिड व पानी से साफ कर पुताई की गई, जिससे स्थान उपयोग योग्य बनाए गए।

अभियान में बनेड़ा व सुल्तानगढ़ क्षेत्र के कई लोगों ने श्रमदान कर सहयोग दिया। आयोजकों ने बताया कि यह सेवा कार्य लगातार जारी रहेगा और समाजहित में आगे भी इसी तरह सफाई अभियान चलते रहेंगे।



# सेन समाज की दो दिवसीय धार्मिक यात्रा संपन्न, 70 श्रद्धालुओं ने किए दर्शन



**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा :**

रायपुर के पालरा गांव के सेन समाज के तत्वावधान में आयोजित दो दिवसीय धार्मिक यात्रा रविवार को सफलतापूर्वक संपन्न हुई। यात्रा में गांव के करीब 70 महिला, पुरुष व बच्चों ने भाग लेकर विभिन्न तीर्थ स्थलों के दर्शन किए।

यात्रा का मुख्य पड़ाव रामदेवरा (रुणिचा) रहा, जहां श्रद्धालुओं ने बाबा रामदेव जी की समाधि के दर्शन कर सुख-समृद्धि की कामना की। इसके अलावा उण्डू काश्मीर (बाड़मेर), श्री खेतलाजी धाम, आशापुर माता मंदिर, ओम बन्ना (बुलेट बाबा), नाकोड़ा भैरव मंदिर और रानी भटियाणी मंदिर (जसोल) सहित अन्य धार्मिक स्थलों पर भी दर्शन किए।

यात्रा पूर्ण कर श्रद्धालुओं के पालरा लौटने पर ग्रामीणों ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। पूरे यात्रा के दौरान भजनों व जयकारों से माहौल भक्तिमय बना रहा।



# सांसद अग्रवाल व विधायक बैरवा की जोड़ी ने दी शाहपुरा को 18 करोड़ की सौगात

## एमपी-एमएलए ने मिलकर 9 विकास कार्यों का किया शिलान्यास, विकास को मिली नई रफ्तार





**भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा ।**

**मूलचन्द पेसवानी**

शाहपुरा क्षेत्र में विकास की रफ्तार को नई उड़ान देते हुए शाहपुरा को 18 करोड़ रुपये की बड़ी सौगात मिली। भीलवाड़ा सांसद दामोदर अग्रवाल और शाहपुरा विधायक डॉ. लालाराम बैरवा ने डाक बंगले में आयोजित समारोह में 9 महत्वपूर्ण विकास कार्यों का भूमि पूजन एवं शिलान्यास किया। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, भाजपा कार्यकर्ताओं और गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति ने आयोजन को उत्साहपूर्ण बना दिया।

इस अवसर पर क्षेत्र में विकास को गति देने हेतु कई महत्वपूर्ण निर्माण कार्यों का शुभारंभ किया गया, जिनमें प्रमुख रूप सेकृ शाहपुरा में ?11 करोड़ की लागत से ऑडिटोरियम निर्माण, ?2 करोड़ से डाक बंगले के नवीन भवन का निर्माण, ?4 करोड़ 16 लाख की लागत से बहुउद्देशीय पशु चिकित्सालय, विभिन्न विद्यालयों में कक्षा-कक्ष निर्माण, पीएसबी राजकीय महाविद्यालय में आईटीसी लैब एवं स्मार्ट क्लास रूम, वीर माता माणिक कंवर विद्यालय में टीन शेड तथा स्वामी विवेकानंद मॉडल स्कूल में डोम निर्माण कार्य शामिल हैं। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सांसद दामोदर अग्रवाल ने केंद्र सरकार की उपलब्धियों को गिनाते हुए कहा कि देश में विकास की धारा निरंतर बह रही है और शाहपुरा भी इस विकास यात्रा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। उन्होंने आश्वस्त किया कि क्षेत्र के विकास के लिए धन की कोई कमी नहीं आने दी जाएगी और हर आवश्यक कार्य को प्राथमिकता से पूरा किया जाएगा। विधायक डॉ. लालाराम बैरवा ने अपने संबोधन में कहा कि ये सभी विकास कार्य क्षेत्र के समग्र विकास में मील का पत्थर साबित होंगे। उन्होंने कहा कि शिक्षा, स्वास्थ्य और आधारभूत सुविधाओं को इन परियोजनाओं से नई दिशा मिलेगी, जिससे आमजन का जीवन स्तर बेहतर होगा। विधायक ने यह भी कहा कि पिछले वर्षों में शाहपुरा में उल्लेखनीय विकास कार्य हुए हैं और आगे भी यह क्रम जारी रहेगा। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे इन योजनाओं और उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाएं, ताकि आमजन सरकार की नीतियों और कार्यों से जुड़ सके। समारोह में मौजूद जनप्रतिनिधियों और नागरिकों ने विकास कार्यों की सराहना करते हुए उम्मीद जताई कि इन परियोजनाओं के पूर्ण होने से शाहपुरा की तस्वीर बदलेगी और क्षेत्र विकास के नए आयाम स्थापित करेगा। कार्यक्रम में भाजपा जिला मंत्री राजेंद्र बोहरा, पूर्व पालिका अध्यक्ष कन्हैया लाल धाकड़, भाजपा ग्रामीण मण्डल अध्यक्ष, फुलिया कलाँ मंडल अध्यक्ष, साहित्यकार डा कैलाश मंडेला, रामप्रसाद पारीक सहित उपस्थित रहे।

QUICK BITES

# नयानगर स्कूल का उत्कृष्ट प्रदर्शनः 12वीं में सभी पास, 10वीं में 95.45% सफलता

**भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया।**



**मानव तिवारी ।** क्षेत्र के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, नया नगर का इस वर्ष बोर्ड परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट रहा। विद्यालय का कक्षा 12वीं का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा, जो क्षेत्र के लिए गर्व का विषय है।

कक्षा 12वीं में नीतू शक्तावत ने सर्वाधिक 92.40 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। वहीं अनिल बंजारा ने 82.40 प्रतिशत और रीना बंजारा ने 81.80 प्रतिशत अंक हासिल किए।

इसी तरह कक्षा 10वीं का परीक्षा परिणाम भी शानदार रहा। कुल 22 विद्यार्थियों में से 21 विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए, जिससे विद्यालय का परिणाम 95.45 प्रतिशत रहा। कक्षा 10वीं में आकाश बंजारा ने 88.33 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। विद्यालय के इस उत्कृष्ट परिणाम पर क्षेत्र में खुशी का माहौल है। इस अवसर पर प्रधानाचार्य हरिमोहन चित्तौड़ा ने विद्यार्थियों की मेहनत, शिक्षकों के मार्गदर्शन और विद्यालय परिवार के सामूहिक प्रयास को सफलता का श्रेय दिया। उन्होंने सभी विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं।

# सेन समाज की बैठक आयोजित, 14 अप्रैल को सेन जयंती महोत्सव मनाने का निर्णय , चंद्र प्रकाश बने अध्यक्ष

**भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया।**



**रमेश गुर्जर ।** कस्बे में जागेश्वर महादेव मंदिर परिसर में सेन समाज की बैठक आयोजित की गई। बैठक में समाज के विभिन्न मुद्दों पर चर्चा करते हुए सर्वसम्मति से आगामी 14 अप्रैल को सेन जयंती महोत्सव धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया।

बैठक के दौरान सेन समाज की नई कार्यकारिणी का गठन भी किया गया। सर्वसम्मति से चंद्र प्रकाश सेन को अध्यक्ष चुना गया। वहीं उपाध्यक्ष पद पर मुकेश सेन, पंकज सेन, शंकर सेन और पवन सेन को जिम्मेदारी सौंपी गई।

सचिव पद पर विरेंद्र सेन, दीनदयाल सेन, दीपक सेन और नरेश सेन को नियुक्त किया गया। कोषाध्यक्ष के रूप में कुलपाल सेन, गोविंद सेन और आशीष सेन को चयनित किया गया।

बैठक में पूर्व अध्यक्ष महेंद्र सेन, मुकेश सेन (पिंटू), जसवंत पेंटर, जगदीश सेन, कैलाश सेन सहित समाज के कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# विधायक कोठारी ने 'गौ सम्मान आह्वान अभियान' से जुड़ने की अपील की

## 27 अप्रैल को गौ सम्मान दिवस पर तहसील मुख्यालयों पर दिए जाएंगे प्रार्थना पत्र

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**




भीलवाड़ा विधायक अशोक कुमार कोठारी ने साधु-संतों के मार्गदर्शन में देशभर में चलाए जा रहे 'गौ सम्मान आह्वान अभियान' से अधिक से अधिक लोगों को जुड़ने की अपील की है। उन्होंने बताया कि अभियान के तहत 27 अप्रैल 2026 को पूरे देश में 'गौ सम्मान दिवस' मनाया जाएगा।

विधायक कोठारी ने कहा कि इस अवसर पर भारत की लगभग 5 हजार तहसीलों में केंद्र सरकार के नाम प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किए जाएंगे। इन प्रार्थना पत्रों के साथ आमजन द्वारा किए गए हस्ताक्षरों की प्रतिलिपियां भी संलग्न की जाएंगी, ताकि गौ संरक्षण और सम्मान को लेकर जनभावना सरकार तक प्रभावी रूप से पहुंच सके।

उन्होंने स्पष्ट किया कि यह अभियान किसी व्यक्ति या संगठन विशेष के बैनर तले नहीं, बल्कि गौमाता के सम्मान, संरक्षण और अधिकारों के लिए जनजागरण के रूप में चलाया जा रहा है। अभियान में गौमाता को प्रधान संरक्षक तथा नंदी बाबा को अध्यक्ष स्वरूप माना गया है।

विधायक कोठारी ने बताया कि अभियान के तहत प्रमुख रूप से गौमाता के संरक्षण, पालन और संवर्धन के लिए उचित अनुसंधान एवं अनुदान उपलब्ध कराया जाए। पूरे भारत में गौ हत्या पर स्थायी रूप से रोक लगाई जाए।गौमाता को मौलिक अधिकार प्रदान किए जाएं।

विधायक कोठारी ने सभी गौ-भक्तों, सनातनी नागरिकों, साधु-संतों, सामाजिक कार्यकर्ताओं और जनप्रतिनिधियों से आह्वान किया कि वे इस पावन अभियान से जुड़ें और 27 अप्रैल को अपने निकटतम तहसील मुख्यालय पर पहुंचकर प्रार्थना पत्र प्रस्तुत करने में सक्रिय भागीदारी निभाएं।

उन्होंने कहा कि यह अभियान गौमाता की सेवा, सुरक्षा और सम्मान को राष्ट्र की प्राथमिकता बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रयास है।

इस अवसर पर अभियान के जिला प्रभारी जगदीश चंद्र तेली, राजेश रांका, नंदकिशोर तेली, शोभालाल जीनगर, दिनेश लक्षकार, विश्व प्रतापनाथ सिंह, एडवोकेट अर्पित कोठारी, बाबूलाल टांक, मनोज शर्मा, विवेक निमावत, प्रदीप सांखला, गजेंद्र सिंह राठौड़, कमल कोठारी, राजकुमार ईनाणी, संजय राठी, दिनेश सुथार, रचित राज रांका, पृथ्वीराज एवं सारथी करण सिंह सहित कई गणमान्यजन उपस्थित रहे।

# जीव दया अभियान के तहत 100 पानी की टंकियां, पक्षी घर व परिंडे वितरित, सेवा कार्य में उमड़ा जनसमूह

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**




भीषण गर्मी में पशु-पक्षियों एवं गौवंश की प्यास बुझाने के उद्देश्य से राष्ट्रीय मानव अधिकार परिषद द्वारा संचालित 'जीव दया अभियान' के अंतर्गत आज स्वाध्याय भवन, न्यू आजाद नगर में सेवा कार्य का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में समाजसेवी, गणमान्य नागरिक एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

इस दौरान 100 सीमेंट की पानी की टंकियों, गौ-पात्रों तथा पक्षियों के लिए परिंडे एवं घोंसलों (पक्षी घर) का निःशुल्क वितरण किया गया। इस पहल से शहर एवं आसपास के क्षेत्रों में पशु-पक्षियों को भीषण गर्मी के दौरान राहत मिल सकेगी।

परिषद के जिलाध्यक्ष मनीष बम्ब एवं संरक्षक हेमंत कोठारी ने बताया कि परिषद द्वारा अब तक 500 से अधिक सीमेंट की पानी की टंकियों का वितरण किया जा चुका है तथा गौ-पात्रों का वितरण अभियान आगे भी अनवरत जारी रहेगा।

संघ अध्यक्ष राजेश बाफना एवं मंत्री प्रवीण कोठारी ने कहा कि 'गर्मी के समय पशु-पक्षियों के लिए जल की व्यवस्था करना अत्यंत आवश्यक है। यह अभियान समाज के लिए प्रेरणादायक है और इससे सेवा की भावना को बल मिलता है।' उन्होंने कहा कि 'ऐसे सेवा कार्य सामाजिक जिम्मेदारी का उत्कृष्ट उदाहरण हैं, जो मानवता के मूल्यों को मजबूत करते हैं। इस अभियान से समाज में सह-अस्तित्व और सेवा की भावना को प्रोत्साहन मिलता है। '

जीतो लेडिस विंग की अध्यक्ष श्रीमती नीता बाबेल, समाजसेवी अनिल दासोत ने कहा कि 'जीवों की सेवा करना सबसे बड़ा धर्म है। जीव दया अभियान अत्यंत प्रेरणादायक पहल है, जो समाज में करुणा और संवेदनशीलता को बढ़ावा देता है। सभी को आगे आकर ऐसे सेवा कार्यों में भाग लेना चाहिए। '

कार्यक्रम का संचालन ललित लोढ़ा द्वारा किया गया। इस दौरान पूर्व पार्षद सुरेश बम्ब, शान्तिलाल बापना, छीतरमल बापना, आयुष चौधरी, बसन्तीलाल मेहता, महेन्द्र पोखरणा, नेमीचन्द सुराणा, चांदमल आंचलिया, पारसमल सिंघवी, ताराचंद जैन, अनिल कोठारी, दिनेश चंडालिया, अल्का बंब, चन्द्रप्रकाश बाफना, सुशील मेहता, अनिल सेठ, तीजेश बापना, चंदना कोठारी, विमल चौधरी, प्रकाश चपलोत, सतीश बड़ोला, सागरमल खारीवाल, सुशील खमेसरा, रमेश बाबेल, हेमन्त खमेसरा सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# पायलट को CM बनाने की कामना, संत की अनोखी 1400 किलोमीटर लंबी दंडवत यात्रा

**भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर।**



कस्बे के कोटड़ी चौराहे पर 1400 किलोमीटर लंबी दंडवत यात्रा कर
रहे संत राजगिरी महाराज का भव्य स्वागत किया गया। क्षेत्रवासियों ने माला पहनाकर उनका अभिनंदन किया तथा फलाहार करवाया।

जानकारी के अनुसार, करौली के पांचना आश्रम से 17 फरवरी 2026 को शुरू हुई यह दंडवत यात्रा द्वारकानाथ तक जा रही है। संत राजगिरी महाराज यह यात्रा इस मनोकामना के साथ कर रहे हैं कि सचिन पायलट वर्ष 2028 के विधानसभा चुनाव में राजस्थान के मुख्यमंत्री बनें।

संत राजगिरी महाराज ने बताया कि वे प्रतिदिन 10 से 12 किलोमीटर दंडवत यात्रा करते हैं। इससे पहले भी वे करौली से गंगोत्री-रामेश्वर (750 किमी) और करौली से जगन्नाथ पुरी (1500 किमी) तक की यात्राएं सफलतापूर्वक पूरी कर चुके हैं।

उन्होंने कहा कि सचिन पायलट जनता से जुड़े नेता हैं और उन्हें विश्वास है कि उनकी यह मन्नत जरूर पूरी होगी। खास बात यह है कि संत आज तक पायलट से व्यक्तिगत रूप से नहीं मिले हैं और वे उनसे उनके मुख्यमंत्री बनने के बाद ही मिलना चाहते हैं।

इस अवसर पर प्रभुलाल गुर्जर, हरिलाल गुर्जर, रामकिशन गुर्जर, भंवरलाल जाट, लादूलाल गुर्जर, श्रवण गुर्जर, नन्दलाल गुर्जर सहित कई क्षेत्रवासी मौजूद रहे।

BHILWARA Focus
भीलवाड़ा फोकस
भीलवाड़ा की बात फोकस के साथ
एक सशक्त पत्रकारिक मंच से जुड़ने का सुनहरा अवसर!
"भीलवाड़ा फोकस" को अपने नेटवर्क के विस्तार हेतु योग्य एवं उत्साही संवाददाताओं की जहाजपुर | गुलाबपुरा | आसिंद | मांडल | गंगापुर | माण्डलगढ़ । बदनौर सहित भीलवाड़ा जिला मुख्यालय पर अनुभवी क्राइम रिपोर्टर की आवश्यकता है ।
क्या आपके पास है –
- समाचारों को पकड़ने की तेज़ नजर ?
- निष्पक्षता, निडरता और पत्रकारिता के प्रति समर्पण ?
- डिजिटल रिपोर्टिंग या प्रिंट मीडिया का अनुभव ?
तो फिर देर किस बात की! अभी जुड़िए - "भीलवाड़ा फोकस" परिवार के साथ।
संपर्क करें: मो. 8696795959 ईमेल: bhilwarafocus@gmail.com
वेब: www.bhilwarafocus.com

# पूर्व विधायक विवेक धाकड़ की मूर्ति का अनावरण, ऊर्जा मंत्री नागर बोले ' विवेक के सपनों को साकार करना ही सच्ची श्रद्धांजलि '

## आदर्श धाकड़ विद्यापीठ में अंग्रेजी माध्यम भवन का लोकार्पण, हजारों की मौजूदगी में जनसेवा के संकल्प दोहराए






भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया।

**नरेश धाकड़/ रमेश गुर्जर।** मांडलगढ़ के पूर्व विधायक स्वर्गीय विवेक धाकड़ की स्मृति में आयोजित भव्य समारोह में ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर ने उनके आदर्शों को आगे बढ़ाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि विवेक धाकड़ ने जो जनसेवा की राह दिखाई, उसे निरंतर जारी रखना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

यह अवसर विवेक सुषमा धाकड़ स्मृति चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा आदर्श धाकड़ विद्यापीठ सीनियर सेकेंडरी स्कूल परिसर में आयोजित मूर्ति अनावरण कार्यक्रम का था, जहां बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता और आमजन उपस्थित रहे।

### अंग्रेजी माध्यम भवन का लोकार्पण, किसानों के मुद्दों पर फोकस

कार्यक्रम के दौरान ऊर्जा मंत्री नागर ने विद्यालय के नवनिर्मित विवेक धाकड़ आदर्श अंग्रेजी माध्यम भवन का लोकार्पण भी किया। उन्होंने स्वयं को किसान का बेटा बताते हुए कहा कि सरकार किसानों की समस्याओं के समाधान के लिए पूरी तरह



प्रतिबद्ध है और हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं।कार्यक्रम की अध्यक्षता धाकड़ महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नरेंद्र नागर ने की।

### 18 हजार यूनिट रक्तदान, सेवा में नहीं कोई भेदभाव

ट्रस्ट की चेयरमैन दीपशिखा धाकड़ ने भावुक संबोधन में कहा कि ट्रस्ट का उद्देश्य विवेक धाकड़ के सामाजिक और शैक्षणिक कार्यों को आगे बढ़ाना है।

उन्होंने बताया कि वर्ष 2012 से अब तक ट्रस्ट द्वारा 18,000 यूनिट रक्तदान किया जा चुका है।

हर वर्ष 13 मई को आयोजित रक्तदान शिविर में 2500 से 3000 यूनिट रक्त एकत्रित होता है, जिसका उपयोग बिना किसी जाति-धर्म के भेदभाव के जरूरतमंदों विशेषकर प्रसव के दौरान महिलाओं के लिए किया जाता है। उन्होंने स्पष्ट किया कि ट्रस्ट का राजनीति से कोई संबंध नहीं है।

### सामाजिक कुरीतियों के खिलाफ अभियान, निशुल्क चिकित्सा शिविर

वक्ताओं ने बताया कि स्वर्गीय विवेक धाकड़ ने 28 वर्ष पहले सामूहिक विवाह सम्मेलन की शुरुआत कर समाज में फिजूलखर्ची पर रोक लगाने का काम किया। इससे समाज के आर्थिक स्तर में सुधार हुआ।

ट्रस्ट द्वारा अब तक दो बड़े निशुल्क चिकित्सा शिविर भी आयोजित किए जा चुके हैं, जिससे हजारों लोगों को लाभ मिला है।

### जनप्रतिनिधियों ने सराहा योगदान

भीलवाड़ा सांसद दामोदर अग्रवाल ने कहा कि विवेक धाकड़ ने अपने करियर से ऊपर उठकर मानवता की सेवा को प्राथमिकता दी।

वहीं बेगूं विधायक सुरेश धाकड़ ने समाज के कर्मचारियों के दूरस्थ स्थानों पर हो रहे तबादलों का मुद्दा उठाते हुए मंत्री नागर से समाधान की मांग की।

### हजारों की मौजूदगी, दिग्गजों का जमावड़ा

कार्यक्रम में कोटा के पूर्व सांसद रामनारायण मीणा, सहाड़ा की पूर्व विधायक गायत्री देवी, आसिंद के पूर्व विधायक रामलाल गुर्जर, हगामी लाल मेवाड़ा, बद्री प्रसाद गुरुजी, डॉ. अर्जुन धाकड़, राम कुमार महत्ता, लक्ष्मी नारायण डाड, अक्षय त्रिपाठी, शक्ति सिंह हाड़ा सहित विभिन्न राजनीतिक और सामाजिक संगठनों के कई प्रमुख लोग मौजूद रहे।

समारोह के अंत में ट्रस्ट के संस्थापक इंजीनियर कन्हैया लाल धाकड़ ने उपस्थित हजारों लोगों का आभार व्यक्त किया।

# मांडलगढ़ दुर्ग स्थित जैन मंदिरों में ध्वजारोहण सम्पन्न, दिनेश संचेती 'दिनकर' को मिला 'समाज गौरव' सम्मान

भीलवाड़ा फोकस @ बीगोद।

ऐतिहासिक दुर्ग मांडलगढ़ स्थित जैन मंदिरों में वार्षिक ध्वजारोहण समारोह भव्य एवं धार्मिक वातावरण में सम्पन्न हुआ। समारोह मुंबई निवासी श्रेणिक भाई जैन की अध्यक्षता तथा समाजरत्न दिनेश संचेती 'दिनकर' बीगोद एवं सोहनलाल सुराणा ठाणे के मुख्य आतिथ्य में आयोजित किया गया।

इस अवसर पर विधायक गोपाललाल खंडेलवाल ने क्षेत्र के विकास कार्यों में जनभागीदारी बढ़ाने का आह्वान किया।

वहीं उपखंड अधिकारी मनमोहन शर्मा ने किले के विकास हेतु 5 करोड़ रुपये के प्रस्तावित बजट की जानकारी दी।

किला पेढ़ी के अध्यक्ष सरदार सिंह मेहता, उपाध्यक्ष तेजसिंह बूलियां,



महामंत्री राजेंद्र कुमार मारू, मंत्री दिलीप मेहता एवं कोषाध्यक्ष दिनेश कुमार चौधरी ने बताया कि समारोह में समाजसेवी दिनेश संचेती 'दिनकर' को 'समाज गौरव' अवार्ड से सम्मानित कर जैन तीर्थ पेढ़ी किला मांडलगढ़ का संरक्षक घोषित किया गया। घोषणा के साथ ही उपस्थित जनसमूह में हर्षोल्लास का माहौल बन गया।समारोह के दौरान किले पर विशाल गौशाला, पक्षी विहार एवं भवन निर्माण के प्रस्ताव भी पारित किए गए।

अपने उद्बोधन में संचेती ने तीर्थ ट्रस्ट द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना करते हुए पदाधिकारियों का शॉल, माला एवं मेवाड़ी पगड़ी पहनाकर अभिनंदन किया।

उन्होंने बताया कि वार्षिक ध्वजारोहण के अवसर पर स्वामी वात्सल्य एवं गौतम प्रसादी का आयोजन निरंतर जारी रहेगा। इस वर्ष स्वामी वात्सल्य का लाभ स्वर्गीय सज्जन सिंह चौधरी परिवार ने लिया, जबकि आगामी वर्ष इसका आयोजन सेठ सोहनलाल सुराणा द्वारा किया जाएगा।

महामंत्री राजेंद्र कुमार मारू के संयोजन में आयोजित कार्यक्रम में अध्यक्ष सरदार सिंह मेहता ने आभार व्यक्त किया। वहीं महावीर जैन मंदिर के आगामी दो वर्षों के लिए बोली विनोद कुमार मेहता ने प्राप्त की।

समारोह में सोहनलाल सुराणा, श्राविकारत्न मेवाड़ मणि मधु संचेती, रानी राणा (नीमच), विनोद आंचलिया, पालिका अध्यक्ष संजय डांगी, वीरेंद्र सिंह चौधरी, अनीता सुराणा, शकुंतला बोहरा सहित कई गणमान्य व्यक्तियों ने विचार व्यक्त किए।

## QUICK BITES

### सीएचसी में वाटर कूलर भेंट

भीलवाड़ा फोकस @ महुआ।





कस्बे के राजकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) में समाजसेवा की मिसाल पेश करते हुए कैलाश गुर्जर ने अपने सेवानिवृत्ति अवसर पर अपने माता-पिता की स्मृति में मरीजों एवं आमजन के लिए ठंडे पेयजल की व्यवस्था हेतु वाटर कूलर भेंट किया।

इस पहल से अस्पताल आने वाले मरीजों और उनके परिजनों को गर्मी के मौसम में राहत मिलेगी। इस मौके पर नर्सिंग इंचार्ज शंकर लाल धाकड़, सुमित शर्मा, नरेश कुमावत, कम्प्यूटर ऑपरेटर सत्यनारायण मेघवंशी, मुकेश मेवाड़ा, बालचंद टेलर, मुकेश नरवाला, कालू खटीक सहित अन्य ग्रामीण उपस्थित रहे।

### भक्ति भाव से निकली भगवान की पालकी, गूंजे जयकारे; रात्रि में होंगे भजन-कीर्तन

भीलवाड़ा फोकस @ बड़लियास



बरूंदनी कस्बे के गाडरी मौहल्ले स्थित बालाजी मंदिर में धार्मिक आयोजन के तहत भगवान की सजी-धजी पालकी धूमधाम से निकाली गई। पालकी में विराजित भगवान के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी।

श्रद्धालु भक्ति भाव से पालकी को कंधों पर उठाकर मोहल्ले की गलियों में भ्रमण करवाते नजर आए। इस दौरान जयकारों और भजन-कीर्तन से वातावरण पूरी तरह भक्तिमय हो गया। जगह-जगह श्रद्धालुओं ने पालकी का स्वागत कर पूजा-अर्चना की और पुष्प वर्षा की।

आयोजन के दौरान पुजारी मनोज पाराशर, पंडित शिव प्रकाश भट्ट तथा भक्तजन शकर लाल गाडरी, शिव गाडरी, विनोद गाडरी, दुर्गा लाल गट्टाणी, हरीऊ वर्मा सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

आयोजन के तहत रात्रि में मंदिर परिसर में भजन-कीर्तन का आयोजन होगा, जिसमें श्रद्धालु बड़ी संख्या में शामिल होकर भक्ति रस में सराबोर होंगे। आयोजन में सभी वर्गों के लोगों में उत्साह देखने को मिल रहा है तथा श्रद्धालु भगवान से सुख-समृद्धि की कामना कर रहे हैं।

### दिव्यांगता को मात देकर जिनिशा ने रचा इतिहास, 12वीं में 97% अंक

भीलवाड़ा फोकस @ आसींद।



दृढ़ संकल्प और मेहनत की मिसाल पेश करते हुए आसींद की जिनिशा कोठारी ने 12वीं बोर्ड परीक्षा में 97% अंक हासिल कर इतिहास रच दिया। राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के सीडब्ल्यूएसएन (CWSN) परिणामों में उन्होंने अपनी शारीरिक चुनौतियों को पीछे छोड़ते हुए शानदार सफलता प्राप्त की।

सिद्धार्थ ग्लोबल एकेडमी की कला संकाय की छात्रा जिनिशा ने तीन विषयों में 100 में से 100 अंक हासिल कर अपनी प्रतिभा साबित की। वे रोज 4-5 घंटे नियमित पढ़ाई करती थीं और कठिनाइयों के बावजूद कभी हार नहीं मानी।

जिनिशा अपने माता-पिता और शिक्षकों को सफलता का श्रेय देती हैं और आगे चलकर अध्यापक बनकर समाज की सेवा करना चाहती हैं।

उनकी यह उपलब्धि साबित करती है कि मजबूत हौसलों के आगे कोई भी बाधा बड़ी नहीं होती।

# भीलवाड़ा में 8 से 14 अप्रैल तक श्री शिव महापुराण कथा, पंडित प्रदीप मिश्रा करेंगे वाचन


भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।

मेवाड़ की पावन धरा धर्मनगरी भीलवाड़ा में पहली बार 8 से 14 अप्रैल तक प्रख्यात कथावाचक पंडित प्रदीप मिश्रा के मुखारविंद से श्री शिव महापुराण कथा का आयोजन किया जाएगा। इस भव्य आयोजन में देशभर से हजारों श्रद्धालुओं के साथ कई प्रमुख संत-महात्माओं का आगमन भी होगा, जिससे भक्ति और श्रद्धा का विशेष वातावरण बनेगा।

यह आयोजन संकटमोचन हनुमान मंदिर के महंत संत बाबूगिरीजी महाराज के सानिध्य में आजादनगर मेडिसिटी ग्राउंड पर होगा, जहां तैयारियां लगभग पूरी कर ली गई हैं।

रविवार सुबह श्रमदान के पश्चात कथास्थल पर आयोजन समिति की बैठक आयोजित की गई, जिसमें कार्यकर्ताओं को विभिन्न





जिम्मेदारियां सौंपी गई।

महंत बाबूगिरीजी महाराज ने बताया कि कथा के दौरान 13 अप्रैल को संत-महात्माओं के लिए विशाल भंडारे का आयोजन भी किया जाएगा। इसमें अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष महंत रविन्द्रपुरी महाराज के सानिध्य में देशभर से कई महामंडलेश्वर एवं संत शामिल होंगे।

आयोजन समिति की बैठक विधायक अशोक कोठारी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में कथा की तैयारियों को अंतिम रूप देते हुए कार्यकर्ताओं को अलग-अलग व्यवस्थाओं की जिम्मेदारी दी गई।

विधायक कोठारी ने कहा कि लाखों श्रद्धालुओं के आगमन को देखते हुए सभी को समर्पित भाव से सेवा करते हुए इस आयोजन को ऐतिहासिक बनाना है। कार्यकारी अध्यक्ष राधेश्याम सोमानी एवं वरिष्ठ उपाध्यक्ष सुनील जागेटिया ने बताया कि करीब साढ़े चार लाख वर्ग फीट क्षेत्र में तीन विशाल वाटरप्रूफ डोम एवं पाइप पांडाल तैयार किए गए हैं, जहां प्रतिदिन दोपहर 2 से शाम 5 बजे तक कथा होगी।

समिति के महासचिव पीयूष डाड ने 7 अप्रैल को निकलने वाली कलश शोभायात्रा की तैयारियों की जानकारी दी, जबकि कार्यालय प्रभारी रजनीकांत आचार्य ने कार्यकर्ताओं को सौंपे गए दायित्वों पर प्रकाश डाला।

मीडिया प्रभारी निलेश कांठेड़ एवं सह प्रभारी धर्मेंद्र कोठारी ने बताया कि कथा स्थल पर व्यवस्थाएं बेहतर बनाने के लिए लगातार चौथे दिन भी श्रमदान किया गया। रविवार सुबह सैकड़ों श्रद्धालुओं ने सुबह 7:15 से 8:15 बजे तक स्वेच्छा से श्रमदान कर सफाई कार्य में भाग लिया।

इस दौरान बुजुर्गों, महिलाओं और युवाओं ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

आयोजन समिति के अनुसार बाहर से आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए व्यापक प्रबंध किए गए हैं। कथास्थल के आसपास करीब 250 अस्थायी शौचालय बनाए गए हैं, साथ ही चलित शौचालय और स्नान के लिए अलग-अलग स्थानों पर नलों की व्यवस्था की गई है।

महिला श्रद्धालुओं के लिए विशेष व्यवस्था की गई है। पन्नाधाय सर्किल के पास भोजनशाला में प्रतिदिन सुबह-शाम करीब 20-20 हजार श्रद्धालुओं के लिए भोजन की व्यवस्था रहेगी।

इस धार्मिक आयोजन में कई विशिष्ट अतिथियों के आगमन की संभावना है। इसके लिए उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, राजस्थान के राज्यपाल हरिभाउ बागड़े, मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, उप मुख्यमंत्री दीया कुमारी सहित कई जनप्रतिनिधियों को आमंत्रित किया गया है।

स्वत्वाधिकारी एवं प्रकाशक कपिल विजयवर्गीय के लिए मुद्रक वेदान्त प्रभाकर मेधा कप्यूटर्स एण्ड ऑफसेट प्रिन्टर्स नंदभवन, बड़े पार्क के पास, कांवाखेड़ा भीलवाड़ा (राज.)से मुद्रित व मकान न. - 1 ए - धानमंडी योजना, कोर्ट केसामने बिजौलिया , भीलवाड़ा (राज.) से प्रकाशित। संपादक - श्याम सुन्दर विजयवर्गीय । मो. 8696795959, RNI No. : RJHIN/25/A0890 किसी भी प्रकार के वाद विवाद का न्याय क्षेत्र बिजौलिया जिला - भीलवाड़ा ही रहेगा।